संक्षिप्त

चारे से भरी पिकअप पलटी

पावटा, (निसं)। रेवाडी की ओर से पावटा आ रही चारे से भरी पिकअप एक अन्य वाहन के टक्कर लगने से अनियंत्रित होकर पावटा सीएचसी कट के पास सड़क किनारे पलट गई। जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग 48 मुख्य सड़क मार्ग का यातायात काफी प्रभावित रहा। हादसा मंगलवार देर रात्रि करीब 1 बजे हुआ। वाहन पलटने से बड़ा हादसा भी होने से टल गया। हादसे को लेकर यातायात पुलिसकर्मी रमेश मीणा ने बताया कि चारे से ओवरलोड भरे पिकअप वाहन के पलटने के संबंध में जानकारी ली जा रही है कि किसका वाहन है। वाहन चालक द्वारा मालिक को सूचना दे दी गई है। वह अपने वाहन को उठवा कर सडक पर बिखरा चारा एकत्रित करे। जिससे यातायात सुगम हो सके।

41 छात्रों को जर्सियां मिली

निवाई, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खण्डवा में संस्था प्रधान व स्टाफ के सदस्यों ने छात्र-छात्राओं को जर्सी का वितरण किया। सीबीईओ हरिनारायण मीणा, भामाशाह अशोककुमार जैन ने 41 छात्र-छात्राओं को जर्सी वितरित की। इस अवसर सभी शिक्षक मौजूद थे।

'विकसित भारत यात्रा में हर लाभार्थी को योजनाओं का लाभ मिले'

खैरथल, (निसं)। जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने भारत सरकार के 16 दिसंबर से 25 जनवरी तक चलने वाले तृतीय चरण के विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजन की तैयारी को लेकर जिला एवं उपखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की और यात्रा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने बताया कि, जिले में 16 दिसम्बर से 25 जनवरी तक खैरथल तिजारा जिले के किशनगढ़ बास, तिजारा, टपूकड़ा, कोटकासिम, मुंडावर उपखंड क्षेत्र के गांव-गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर

खैरथल-तिजारा जिला सचिवालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने अधिकारियों की बैठक ली।

- 16 दिसंबर से 25 जनवरी तक गांव-गांव पहुंचेगी भारत सरकार की विकसित भारत यात्रा

खैरथल तिजारा जिला सचिवालय पर जिला एवं उपखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में ग्राम पंचायत स्तर पर कैम्प आयोजित किये जाकर भारत सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से उनके अनुभव को जानना तथा वैन के माध्यम से योजनाओं की जानकारी प्रदान करना एवं कैंप के दौरान हैल्थ चैकअप, क्वीज, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं योजनाओं में पंजीकरण सहित विभिन्न आयोजन को लेकर निर्देशित किया गया।

कलेक्टर ने बताया कार्यक्रम में भारत सरकार की आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अन्तोदय योजना, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विष्वकर्मा, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड सहित कुल 17 योजनाओं को सम्मिलित किया गया। बैठक में जिला कलेक्टर ने यात्रा के दौरान निष्क्रियता बरतने पर संबंधित विभाग अधिकारी कार्मिक के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर खैरथल तिजारा ओमप्रकाश सहारण, अतिरिक्त जिला कलेक्टर भिवाड़ी शिवचरण मीना, एसडीम किशनगढ़ बास डॉ. धीरज कुमार सिंह, एसडीएम टपूकड़ा महेंद्र सिंह यादव, एसडीएम कोटकासिम रामकिशोर मीणा, एसडीएम तिजारा अनूप सिंह, एसडीएम मुंडावर प्रियंका बडगूजर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

16 दिसंबर को मुंडावर उपखंड के मातौर ग्राम पंचायत के पंचायत भवन व सौरखा कलां के पंचायत भवन में यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार कोटकासिम उपखंड के गांव उजौली व आकोली के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद पर यात्रा का आयोजन किया जाएगा। तिजारा उपखंड के सलारपुर व महेशरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में यात्रा का आयोजन किया जाएगा। 18 दिसंबर को मुंडावर उपखंड के रसगण व पेहल ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कोटकासिम उपखंड में मकडावा के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर व कान्हड़का के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

विकसित भारत संकल्प यात्रा 16 से

पावटा, (निसं)। भारत सरकार द्वारा प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

जिसको लेकर विराटनगर उपखंड अधिकारी मूलचंद लुणीया, पावटा उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी, विराटनगर वृत्त वृत्ताधिकारी रोहित सांखला, पावटा तहसीलदार अजीतपाल यादव, पावटा प्रागपुरा नगरपालिका ईओ मनीषा यादव सहित उपखंड स्तरीय अधिकारियों व भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की खातोलाई में व पावटा जवाहर नवोदय विद्यालय में पावटा उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी द्वारा ब्लॉक लेवल अधिकारियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें आगामी दिनों में प्रदेश में होने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों की रूपरेखा तैयार की गई। विराटनगर उपखंड अधिकारी मूलचंद लुणीया, पावटा उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी ने बताया कि जिले में 16 दिसबर से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जायेगा।

जिसके अन्तर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर कैम्प आयोजित किये जाकर भारत सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से उनके अनुभव जानते हुये वैन के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। साथ ही हैल्थ चैकअप, क्वीज, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं योजनाओं में पंजीकरण सहित विभिन्न आयोजन किये जायेंगे।

सार-समाचार

रास्ते में पानी भरा रहने से लोग परेशान

दूदू, (निसं)। जिला मुख्यालय से जयपुर की ओर जाने वाले आम रास्ते पर पानी भर जाने के कारण आम राहगीर एवं वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जयपुर जाने के मुख्य मार्ग पर प्रतिदिन सैकड़ो यात्रियों एवं राहगीरों का आवागमन रहता है। इतना ही नहीं जिला मुख्यालय पर नगर परिषद आयुक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला स्तर के अधिकारी आवागमन करते हैं। इसके बावजूद प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे पा रहा है ।व्यापारी रामेश्वर पवार ने बताया कि कई बार प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है।

श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया

लालसोट, (निसं)। उपखंड मुख्यालय स्थित राजेश पायलट राजकीय महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वयंसेवक बनकर श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश देने के साथ योगाभ्यास भी किया गया। महाविद्यालय लालसोट में आज राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ के एल मीना द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है।स्वयंसेवकों को चाहिए कि श्रम को अपने जीवन का अंग बनाएं और अपने आस पास पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे। योग भगाए रोग का संदेश देते हुए स्वयंसेवक हर्ष शर्मा और गोविंद बैरवा ने सभी को योगाभ्यास करवाया तत्पश्चात स्वयंसेवको ने महाविद्यालय कक्षा कक्षों की सफाई की इसके बाद गोद ली हुई बैरवा बस्ती चांदसेन, जमात बस्ती और सुरक्षित नगर की बस्तियों में स्वच्छता जागरुकता रैली निकाली और स्वच्छता अभियान चलाया। अंत में कृपा सागर हनुमान मंदिर लालसोट पर सफाई कर तीनों इकाइयों के स्वयंसेवक उपस्थित हुए और कार्यक्रम अधिकारी राम भरोसी बैरवा और लोकेश कुमार मीना ने माई भारत एप्लीकेशन पर स्वयंसेवको का रजिस्ट्रेशन करवाया।

भाजपाइयों व संगठनों ने खुशी जताई

रामगढ़ पचवारा, (निसं)। प्रदेश के मुख्यमंत्री की कमान भजनलाल शर्मा को मिलने पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश को विकास की दोगुनी गति मिलेगी। वहीं भाजपा विधायक रामविलास मीणा ने कहा कि नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विगत लंबे समय से संगठन का दायित्व देख रहे हैं एवं संगठन और सत्ता से लेकर विभिन्न सृजनात्मक कार्य क्षेत्र के अनुभवी भी है ऐसे में प्रदेश को डबल इंजन की सरकार का भरपूर लाभ मिलेगा। मंगलवार को राजस्थान की भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री की कमान संभाली भजनलाल शर्मा के नाम की घोषणाएं से भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशियां मनाई भाजपा मीडिया प्रभारी मोतीलाल शाहजहांनपुरा ने बताया कि आज से ठीक एक साल पूर्व 25 दिसंबर 2022 को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेई की जयंती के उपलक्ष्य में लालसोट विधानसभा क्षेत्र के लाडपुरा भगवतपुरा बूथ संख्या 195,196 पर नव निर्वाचित मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जब संगठन में प्रदेश महामंत्री थे उनके साथ नव निर्वाचित विधायक रामबिलास डूंगरपुर ने कार्यक्रम में शामिल हुऐ थे।

नीरज ने कांस्य पदक जीता

श्रीमाधोपुर, (निसं)। महात्मा गांधी पीजी कॉलेज, श्रीमाधोपुर के एथलेटिक्स नीरज चौधरी ने 100 मीटर दौड़ मे कांस्य पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय प्रवक्ता राकेश शर्मा ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता में महाविद्यालय के एथलेटिक्स खिलाडी नीरज चौधरी पुत्र सिद्दार्थ चौधरी, निवासी-खटूंदरा, कक्षा बीए प्रथम वर्ष ने 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त किया है। नीरज चौधरी ने पुरुष वर्ग में 10.65 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक अपने नाम कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। कांस्य पदक जीतने पर निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ वीरेंद्र सैनी, उप प्राचार्य विजेंद्र पूनिया, कला संकाय प्रभारी सुशीला देवी, विज्ञान संकाय प्रभारी वीरेंद्र यादव, वाणिज्य संकाय प्रभारी मांगीलाल कुमावत, कार्यालय प्रभारी कैलाश बिजारणिया, एनसीसी प्रभारी सुरेश सामोता, खेल प्रभारी राम सिंह जाट व स्टाफ सदस्यों ने ख़ुशी व्यक्त कर फोन पर बधाई दी व खिलाडी के इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

मुख्यमंत्री से की मुलाक़ात

चौमूं / कालाडेरा, (निसं)। विधानसभा क्षेत्र चौमूं से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने जयपुर स्थित निवास पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने भजनलाल शर्मा को सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं आपके कुशल नेतृत्व में राजस्थान प्रदेश विकास की नई बुलंदियों को छूएगा तथा प्रदेश का हर नागरिक खुशहाल और समृद्ध होगा, ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र और उनकी गारंटियों पर जनता ने विश्वास जताया है। निश्चित तौर पर आपके सक्षम नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन की सरकार जनआकांक्षाओं को पूरा करेगी और विगत 5 वर्षों से विकास में पिछड़ा हमारा प्रदेश एक बार पुन: विकास की पटरी पर तीव्र गति से दौड़ेगा।

शिक्षकों की मांगों को लेकर वार्ता की

निवाई, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा निवाई के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हरिनारायण मीना से मुलाकात कर शिक्षकों की समस्याओं से अवगत करवाया। संगठन के पदाधिकारी रामकिशन बहादुरपुरा ने बताया कि जिला अध्यक्ष दिनेशचन्द कुर्मी के नेतृत्व में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मीणा से शिक्षकों की समस्या को लेकर वार्ता की। संगठन के पदाधिकारियों ने वार्ता में पीडी मद के बकाया बोनस व एरियर, क्रमोन्नत व महात्मा गांधी विद्यालयों के अधिशेष शिक्षकों की वेतन व्यवस्था व उनके पदस्थापन, दूध के बकाया भुगतान, एमएसएपी को लागू करने, आरएसआईटी की फीस का पुनर्भरण करने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने प्रतिनिधि मंडल द्वारा उठाई गई समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान रामकिशन गुर्जर, विमलकुमार विजय, देवराज सिंह, सुवालाल मीणा, रमेश घायल, सियाराम राणा, रामनरेश विजय सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

सपना का विश्वविद्यालय टीम में चयन

श्रीमाधोपुर, (निसं)। कस्बे के एसबीएन पीजी कॉलेज श्रीमाधोपुर की छात्रा सपना पुत्री दिलीप सिंह, बीएससी सेकंड ईयर का चयन पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर की फुटबॉल महिला टीम में हुआ है। महाविद्यालय के खेल सचिव बनवारी लाल जीतरवाल ने बताया कि सपना विश्वविद्यालय की फुटबॉल टीम के साथ आईटीएम ग्वालियर विश्वविद्यालय में खेलने के लिए जाएगी। छात्र के चयन पर महाविद्यालय के निदेशक डॉ. मुकेश बल्डवाल, सचिव इंजी प्रदीप धायल और प्राचार्य डॉ. सुरेश कुमार जाट ने छात्रा को माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया तथा उज्जवल भविष्य की कामना की।

अभिभाषक संघ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

श्रीमाधोपुर में अभिभाषक संघ की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

श्रीमाधोपुर, (निसं)। अभिभाषक संघ के संपन्न चुनाव में नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। अभिभाषक संघ श्रीमाधोपुर की निर्वाचन समिति के संयोजक एडवोकेट झाबरमल जाजोद, सहसंयोजक एडवोकेट अजय कुमार हरितवाल व एडवोकेट अभिषेक कुमावत ने बताया कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में एडवोकेट सांवरमल महला अध्यक्ष, अरविंद शर्मा उपाध्यक्ष, सुभाष यादव महासचिव, पूरणमल सांखला संयुक्त सचिव, सुनील कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष, महेंद्र सिंह खर्रा पुस्तकालयाध्यक्ष व कार्यकारिणी के 5 सदस्यों में सोहन सिंह कलवानिया, धर्मेंद्र सामोता ,बजरंग लाल यादव, निखिल शर्मा व मुकेश दूधवाल निर्वाचित घोषित किये गये जिन्हें बुधवार को एडीजे अरविंद कुमार जांगिड़ ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर एडीजे जांगिड़ ने बार व बेंच में मधुर संबंध बनाए रखने का वकील समुदाय से आव्हान किया तथा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किये।

वाणिज्य क्षेत्र में उपलब्ध रोजगारों से अवगत कराया

कोटपूतली, (निसं)। स्थानीय राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय में बुधवार को वाणिज्य संकाय द्वारा एम कॉम पूर्वार्द्ध व उत्तरार्द्ध के नियमित विद्यार्थियों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन करते हुए प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्ति के प्रति सचेत रहने, महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का प्रयोग करने एवं विद्वान संकाय सदस्यों से मार्गदर्शन और सहयोग प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने वाणिज्य के क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। एबीएसटी के विभागाध्यक्ष कपूर चन्द वर्मा ने विषय के बारे में जानकारी प्रदान की तथा तैयारी करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। ई.ए.एफ.एम के विभागाध्यक्ष डॉ. के सी.गुर्जर ने विषय के प्रश्न पत्रों को हल करने के संबंध में रखी जाने वाली सावधानियों तथा परीक्षा फॉर्म भरने के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। व्यवसाय प्रशासन के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रभात शर्मा ने पाठ्यक्रम से संबंधित जानकारी प्रदान की तथा विषय से संबधित ई पुस्तकों की उपलब्धता एवं उनके प्रयोग के बारे में बताया।

जिला बनाने के लिए आगे भी सरकार से लड़ूंगा : चौधरी

सांभरझील, (निसं)। फुलेरा विधायक विद्याधर सिंह चौधरी ने कहा है कि, उपखंड सांभर को जिला बनाना मेरी प्राथमिकताओं में प्रमुखता से शामिल है। विधायक बनने से पहले ही मैंने मेरी सरकार के खिलाफ जनहित को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र की जनता का सहयोग लेकर प्रमुखता से महापड़ाव आंदोलन को सफल बनाया था।

उस वक्त संघर्ष समिति के समक्ष मैंने राय और सुझाव रखे थे लेकिन शायद उनको मेरी बात अच्छी नहीं लगी और हम इस काम में पिछड़ गए नहीं तो सांभर को जिले की सौगात मिलती, हालांकि मैं किसी का कटाक्ष नहीं कर रहा हूं लेकिन जो सच है वह सच ही रहेगा। यह उदबोधन बुधवार को उन्होंने पृथ्वीराज सर्किल के नजदीक आयोजित अभिनंदन समारोह के दौरान सार्वजनिक तौर पर व्यक्त किये।

विद्याधर चौधरी ने कहा कि हर बार चुनाव से पहले भय व्याप्त किया जाता था अब बताओ किसी को कोई भय दिख रहा है क्या? मैं चुनाव जीत भी गया, मैं सभी क्षेत्र वासियों का आभार व्यक्त करता हूं विधानसभा क्षेत्र के चुनाव में

सांभर में विधायक विद्याधर चौधरी का लोगों ने अभिनंदन किया।

शांतिपूर्ण तरीके से अपना सहयोग दिया। मैं विधायक के रूप में राजनीति से ऊपर उठकर जैसे पिछले पांच साल में सेवक बनकर आपकी सेवा की है उसी प्रकार से आगे भी करता रहूंगा। मंच से बोलते उन्होंने कहा कि मैं आप सब लोगों को एक बात कहना चाहता हूं किसी को यदि कोई समस्या है तो वह बिना किसी बिचोलिया की मदद से सीधा मुझसे संपर्क स्थापित कर बता सकता है। विद्या भाई पहले की तरह ही आपके साथ जुड़ा रहेगा। किसी के मन में भी यदि कोई डाउट है तो उसे निकाल दो कि विद्या भाई किसी के कहने से ही काम करेगा। आप मुझसे डायरेक्ट आकर मिलो, मुझे बताओ मुझे खुशी होगी। जायज काम के लिए आधी रात को भी तैयार हूं। गलत काम का चाहे वह मेरा कितना ही नजदीकी क्यों ना हो यदि करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ भी एक्शन होगा। सांभर फुलेरा को जिला बनाने के लिए जब मैंने कांग्रेस शासन में ही आंदोलन छेड़ दिया था तो अब तो मेरी सरकार भी नहीं है।

'केंद्र सरकार की योजनाओं से आमजन को जागरूक करें'

टोंक, (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. ओमप्रकाश बैरवा ने कहा कि, भारत सरकार द्वारा जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारम्भ की जा रही है। जिसके तहत जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर कैंप आयोजित कर आमजन को भारत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी एवं विभिन्न योजनाओं से पात्र लोगों को मौके पर ही जोड़ा जावेगा।

जिला कलेक्टर ने भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में आयोजित वीसी के दौरान सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल संचालन

- जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल संचालन के लिए निर्देशित किया

एवं क्रियान्वयन के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि निर्धारित स्थानों पर कैंप आयोजित कर आमजन को भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जावे जिससे अधिक से अधिक नागरिक इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके।

उन्होंने जिले के सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित कैंप स्थलों की सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कर लेवें। संबंधित कैंप स्थल पर स्वागत कार्यक्रम की व्यवस्था, टेंट, मेज, कुर्सी, पेयजल, सफाई व्यवस्था, यात्रा के प्रचार-प्रसार के लिए ग्रास रूट लेवल के अधिकारी, कर्मचारी एवं राजीविका के स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी सुनिश्चित करना एवं लाभार्थियों को कैंपों में उपस्थित के लिए प्रचार की व्यवस्था करें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रश्नोत्तरी का आयोजन कराया जाएं।

प्रतिभावान सम्मान समारोह 25 को

अलवर, (निसं)। प्रजापति नवयुवक समिति जिला अलवर के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रजापति समाज की प्रतिभाओं का 18 जिला स्तरीय प्रतिभावान छात्र-छात्र सम्मान समारोह 25 दिसंबर को निर्माणाधीन प्रजापति बालिका छात्रावास प्लॉट नंबर 3 वैशाली नगर विस्तार योजना झंकार होटल के पीछे अलवर में आयोजित किया जाएगा।

जिसकी तैयारी को लेकर कंपनी बाग अलवर में मुंशीलाल प्रजापति की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया जाएगा जिसमें कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के बारे में विचार विमर्श कर हम निर्णय लिए जाएंगे एवं समिति के पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी जाएगी।

पावटा में बाइक चोर गिरोह सक्रिय

पावटा, (निसं)। कस्बे में बाइक चोरों का गिरोह सक्रिय हो गया है। बाजार में भीड़भाड़ वाले स्थान व घरों के सामने से चोर आसानी से बाइक उठा ले जा रहे हैं। आए दिन बाइक चोरी होने से लोगों की चिंता बढ़ गई है। एक माह के भीतर कस्बे से करीब छह से अधिक बाइक चोरी हो चुकी हैं।

प्रागपुरा थाना क्षेत्र के पावटा निवासी चिरंजीलाल ने प्रागपुरा थाना में मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि पावटा कस्बे के हीर की बावडी स्थित अग्रवाल खाद बीज भंडार व अग्रवाल लाईब्रेयरी परिसर में खड़ी दो बाइकों को रात्रि करीब 12 बजे के आस पास चोरी कर ले गए। जिसकी सूचना प्रागपुरा थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंचे

- एक माह में करीब छह से अधिक बाइक चोरी

पुलिसकर्मियों ने मौका मुआयना कर वहां लगे कैमरों के सीसीटीवी फुटेज चेक किये जिसमें दो अज्ञात चोर बाइक ले जाते नजर आये। वहीं दो दिन पहले राजस्थान स्कूल के पास से घर के सामने खड़ी एक बाइक चोर उठा ले गए। पावटा कस्बे में लगातार बाइक चोरी होने से माना जा रहा है कि कोई गिरोह सक्रिय है। इस संबंध में एसपी रंजीता शर्मा ने बताया कि बाइक चोरी की घटनाओं को रोकने और मामलों के पर्दाफाश के लिए पुलिस सक्रिय है।

किसानों को योजनाओं की जानकारी दी

बौंली, (निसं)। जिला सवाई माधोपुर के सहायक निदेशक कृषि विस्तार डॉक्टर हेमराज मीणा व सहायक कृषि अधिकारी कमलेश मीणा एवं कृषि पर्यवेक्षक रामधन मीणा ने अपनी टीम के साथ कई ग्राम पंचायत के गांव एवं खेतों का दौरा कर किसानों को कृषि विभाग द्वारा दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी एवं उनके द्वारा वितरित बीज एवं अन्य सामानों का निरीक्षण कर उनकी गुणवंता जांची।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने गंगवाड़ा खिरनी, कोडियाई, मेदपुरा, शिसोलाव, बपूई, डूंगरी, रतनपुरा एवं लाखनपुर ग्राम पंचायत के कृषकों के खेतों में जाकर चना प्रदर्शन किस्म गिरिराज सीएस 60 जीएनजी 2171 और सरसों मिनीकिट किस्म का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान किसान जयराम, लक्ष्मी नारायण, मथुरा लाल, प्रयागराज, देवीलाल व भैरव लाल आदि सहित अनेकों किसानो की फसलों का प्रदर्शन व मिनी किट देखे।

बालिका विद्यालय की 156 छात्राओं को निशुल्क गणवेश वितरित की

मंडावरी, (निसं)। कस्बे के ब्राह्मणी माता के सामने स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की 156 छात्राओं को शिक्षा विभाग से प्राप्त निशुल्क गणवेश का समारोह पूर्वक वितरण किया गया। इस दौरान स्कूली छात्राओं को गुड टच में बीएड टच के बारे में भी जानकारी दी गई।

राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका आशा

- गुड टच-बेड टच की भी जानकारी दी

सेजवाल ने बताया कि राजकीय विद्यालय में अध्यनरत 156 छात्राओं को बुधवार को शिक्षा विभाग से प्राप्त गणवेश का निशुल्क वितरण करने पर छात्रों के चेहरे खुशी से खिली हुई नजर आए। उन्होंने बताया कि इस दौरान छात्राओं को शिक्षा के लिए प्रेरित करने के साथ अनुशासन में रहने और सामाजिक विषयों पर स्थानीय भाषा में

मंडावरी कस्बे के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में 156 छात्रों को निशुल्क गणवेश वितरित की गई।

जानकारी दी गई। प्रधानाचार्या सेजवाल द्वारा इस दौरान छात्रों को गुड टच बेड टच के बारे में जानकारी देते हुए सुरक्षित आवागमन की जानकारी दी गई। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मडावरी में अध्ययनरत कक्षा एक से आठ तक के समस्त विद्यार्थियो को नि: शुल्क पोशाक का वितरण किया गया। इस अवसर पर आशा सेजवाल प्रधानाचार्य और विद्यालय स्टॉफ विद्या बाई मीना, कमलेश मीना, मीनाक्षी गौतम, सत्यनारायण मीना, मुकेश सोनी, अनिता शर्मा, शीला शर्मा, कमलेश शर्मा यवन रेखा मिश्रा, सुरेश मीना, मंजू गुप्ता संगीता मीना भुवनेश्वर मीना, प्रदीप बैरवा, राजेश सैनी एवं अभिभावक वसीम अकरम, सीमा बानो, सबीना बानो शबनम बानो उपस्थित रहे।

घायल नन्दी का उपचार किया

फुलेरा, (निसं)। फुलेरा में पिछले कई वर्षों से निराश्रित बेजुबानों की सेवा में हमेशा तत्पर रहने वाली संस्था एनिमल वेलफेयर संस्था कस्बे सहित आस पास के क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से बेसहारा बेजुबान जानवरों के लिए प्राणदायक साबित हो रही है। गौरतलब है कि, इनके हेल्पलाइन नम्बर पर जब भी कोई कॉल जानवरों के उपचार व रेस्क्यू के लिए आता है तो संस्था के सेवाभावी सदस्य निस्वार्थ भाव से उस स्थान पर पहुंचकर घायल जानवरों का इलाज करते हैं। इसी क्रम में एनिमल वेलफेयर संस्था के राजकुमार चौहान ने बताया कि हेल्पलाइन नंबर पर फुलेरा निवासी अजय छाबड़ा का कॉल आया उन्होंने बताया कि रैगर मोहल्ले में एक नन्दी जख्मी हालत में है। जिसके पैर पर घाव हो रखा है। तभी संस्था के संस्थापक चौहान ने एनिमल वेलफेयर टीम के वॉलिंयिर्स के साथ मौके पर पहुंचकर घायल नन्दी का इलाज किया। टीम के सदस्य हेमन्त, अमन प्रजापत, पंकज सेन ने इस पुनीत कार्य में यथा संभव सहयोग किया। इसके बाद उक्त नन्दी का इलाज करके सुरक्षित रूप से बैंडेज करके छोड़ दिया गया।